दिन– मंगलवार

दिनांक– 28 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने पूरी ताकत लगाई।

02. पटना लॉ कॉलेज परिसर में एक छात्र की पीट–पीट कर हत्या। अगले आदेश तक के लिए पटना विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं रद्द।

03. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मानव तस्करी और साइबर अपराध के मामले में बिहार समेत छह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आज भी गर्म रात्रि का पूर्वानुमान।

---

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों गठबंधन के अलावा अन्य राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी भी जोर–शोर से प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। इस चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में एक जून को मतदान होना है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ आज प्रदेश में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री योगी की पहली सभा पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के अलावलपुर, दूसरी सभा आरा के बड़हरा और तीसरी जनसभा पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के पाटलिपुत्र पॉलिटेक्निक ग्राउंड में होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सासाराम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मोहनिया में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, पार्टी नेता और सांसद मनोज तिवारी का कैमूर के रामपुर प्रखंड मुख्यालय खेल मैदान में एक जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नालंदा लोकसभा क्षेत्र के अस्थावां प्रखंड के बेनार में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। साथ ही श्री कुमार लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में रोड–शो भी करेंगे। इधर, राजद

के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी का बक्सर, रोहतास, कैमूर, गया और पटना में चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

---

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में बत्तीस लोकसभा सीटों पर संपन्न मतदान का अंतिम आंकड़ा जारी किया है। इस आंकड़े के अनुसार औसतन छप्पन दशमलव छह–सात प्रतिशत मतदान हुआ है। पहले चरण में सबसे कम उनचास दशमलव दो–छह प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, दूसरे चरण में सबसे अधिक उनसठ दशमलव चार–पांच प्रतिशत मतदान हुआ है। कटिहार लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक तिरेसठ दशमलव सात–छह प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, नवादा में सबसे कम तैंतालीस दशमलव एक –सात प्रतिशत मतदान हुआ। आंकड़ों के अनुसार छह चरणों में संपन्न मतदान में महिलाओं की भागीदारी पुरूषों की तुलना में सात प्रतिशत अधिक रही। सुपौल लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक सत्तर दशमलव पांच–पांच प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। वहीं, नवादा में केवल बयालीस दशमलव छह–एक प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाले।

---

पटना लॉ कॉलेज परिसर में अपराधियों ने बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष राज की पीट–पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि छात्र स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा देकर जैसे ही निकला दस से पंद्रह युवकों ने उस पर लाठी–डंडे और ईंट–पत्थर से हमला कर दिया। मृतक मूल रूप से वैशाली जिले के मंझौली गांव का रहने वाला था। मृतक के पिता के बयान के आधार पर सुल्तानगंज थाने में एक दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इधर, पटना विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस घटना के बाद आज विश्वविद्यालय और सभी कॉलेजों को बंद रखने का आदेश दिया है। साथ ही विश्वविद्यालय ने अगले आदेश तक सभी परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। नालंदा खुला विश्वविद्यालय ने भी पटना साईंस कॉलेज और पटना कॉलेज में इकतीस मई तक होने वाली सभी परीक्षाओं को अगले आदेश तक के लिए रद्द कर दिया है।

---

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मानव तस्करी और साइबर अपराध के मामले में बिहार समेत छह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में अलग–अलग स्थानों से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एनआईए के अनुसार जांच टीम और स्थानीय पुलिस के साथ चलाये गये संयुक्त अभियान में बिहार के गोपालगंज से प्रह्लाद सिंह नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज बरामद किये गये हैं। मामले की जांच जारी है।

---

प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, इसरो के साथ मिलकर काम करेगा। इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र के निदेशक नीलेश एम. देसाई ने कल पटना में प्राधिकरण के पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में भूकंप, लू, शीतलहर और वज्रपात जैसी आपदाओं के पूर्वानुमान और बाढ़ पूर्वानुमान को लेकर संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति बनी है। इसके अलावा इसरो उपग्रह आधारित डेटा से नदियों की गहराई मापने में भी प्राधिकरण की मदद करेगा, जिससे बाढ़ का सटीक पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा।

---

पटना उच्च न्यायालय ने राज्य के बाल गृहों के काम–काज पर गहरी चिंता जताई है। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को बाल गृहों का प्रत्येक महीने गहन निरीक्षण करने का आदेश दिया। साथ ही निगरानी के लिए जिला स्तरीय समितियों के गठन का भी आदेश दिया गया है। याचिका में बाल गृहों में बच्चों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की गयी थी।

---

प्रदेश में चार पैक्स जन औषधि केन्द्र के रूप में काम करने लगे हैं। राज्य के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने राज्य सहकारी विकास समिति की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन औषधि केन्द्र के लिए दो सौ तीन पैक्स ने आवेदन किया है। श्री मेहरोत्रा ने बताया कि पांच पैक्स को पेट्रोल और डीजल के आउटलेट का भी लाईसेंस प्राप्त हो चुका है। वहीं, कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में पांच हजार सात सौ सैंतीस पैक्स चिन्हित किये गये हैं, जिनमें दो हजार सात सौ पचास क्रियाशील हो गये हैं।

---

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के पन्द्रह से अधिक जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट का पूर्वानुमान है। इसके बाद अगले दो से तीन दिनों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने बताया कि आज राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर गर्म रात्रि का पूर्वानुमान है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि चक्रवाती तूफान रेमल का राज्य के मौसम पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। हालांकि राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे तक रहने का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

---

मौसम विभाग ने इस वर्ष जून से सितम्बर तक मॉनसून में सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के महानिदेशक डॉक्टर मृत्युंजय महापात्रा ने ये जानकारी दी।

———बाईट———

मौसम विभाग द्वारा जो सैकेण्ड अपडेट जारी किया गया मॉनसून के बारे में। इसके हिसाब से पूरी कंट्री के लिए वर्षा के परिणाम 5 जून से 13 सितम्बर के अंदर हंड्रेड सिक्स परसेन्ट ऑफ द लॉन्ग पीरिएड होने की संभावना है। लॉन्ग पीरिएड एवरेज होता है 87 सेंटीमीटर यानी इस बार मॉनसून सीजन में भारत वर्ष में 87 सेंटीमीटर से 106 परसेन्ट बारिश होने का पूर्वानुमान किया गया है।

डॉक्टर महापात्रा ने कहा कि अगले पांच दिन में मॉनसून के केरल पहुंचने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई है।

---

मुज़फ़्फ़रपुर की शाही लीची लोगों के मुंह में मिठास घोलने के साथ ही भारतीय रेलवे के लिए भी फायदे का सौदा साबित हो रही है। शाही लीची को देश के विभिन्न शहरों तक पहुंचाने के लिए सोनपुर रेल मंडल से इक्कीस मई से अब तक सोलह सौ

पच्चीस क्विंटल लीची की ढुलाई की गयी है। इससे रेलवे को लगभग सात लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

---

आज मासिक धर्म स्वच्छता दिवस है। यह दिवस सभी के लिए सुलभ मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के पक्ष् में एक वैश्विक आंदोलन को दर्शाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है– पीरियड अनुकूल विश्व। यह आवश्यक सामूहिक प्रयास पर जोर देता है कि मासिक धर्म से गुजर रहीं प्रत्येक महिला के पास अपने मासिक धर्म को गरिमा के साथ प्रबंधित करने के लिए ज्ञान और संसाधन हो। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी सिविल सर्जन को इस संबंध में आज से इकतीस मई तक जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशाला और सेमिनार आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं।

---

बक्सर की एक अदालत ने हत्या के बाईस वर्ष पुराने एक मामले में सात दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही इन सभी पर पैंतीस–पैंतीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

---

लखीसराय जिले के हलसी थाना क्षेत्र के सिरखिंडी गांव में सोमे नदी में डूबने से दो भाईयों की मौत हो गयी।

---

औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरियावां गांव में एक शराब तस्कर ने होमगार्ड जवान जुगेश्वर कुमार पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में होमगार्ड जवान घायल हो गये, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए गया भेजा गया है।

---

राष्ट्रीय दिव्यांग टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार की टीम चौथे स्थान पर रही है। पुणे के सिंहगढ़ मैदान में चौथे स्थान के लिए खेले गये मैच में बिहार ने महाराष्ट्र को चार रनों से पराजित किया। दिव्यांग टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिव्यांग क्रिकेट बोर्ड ऑफ इंडिया और महाराष्ट्र दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में प्रचार से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित करते हुए लिखा है– आधी आबादी की बढ़ी अहमियत। नीतीश बोले जीविका योजनाओं से जुड़ी लाखों महिलाएं राज्य में मौन क्रांति ला रही हैं। राहुल ने कहा– करोड़ों गरीब महिलाओं को लखपति बनायेंगे।

पटना विश्वविद्यालय में एक छात्र की हत्या की खबर को लगभग सभी अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है– कानून व्यवस्था ताक पर। पीट–पीट कर बीएन कॉलेज छात्र की हत्या।

**दैनिक जागरण** ने निर्वाचन आयोग के हवाले से लिखा है– मतगणना से पूर्व ही दे दी जाती है इवीएम से जुड़ी जानकारी।

**प्रभात खबर** लिखता है– सुधा बूथ का बढ़ेगा दायरा, तीस हजार को मिलेगा रोजगार।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– इंडिया ने एक जून को बुलाई बैठक, टीएमसी नहीं होगी शामिल।

**आज** अखबार लिखता है– नौतपा जारी, छह दिन सूरज और बरपायेगा कहर।

**नवबिहार टाइम्स** की प्रमुख खबर है– बिहार में शराब बंदी से यौन हिंसा में तीन दशमलव छह फीसदी की कमी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने पूरी ताकत लगाई।

02. पटना लॉ कॉलेज परिसर में एक छात्र की पीट–पीट कर हत्या। अगले आदेश तक के लिए पटना विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं रद्द।

03. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मानव तस्करी और साइबर अपराध के मामले में बिहार समेत छह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आज भी गर्म रात्रि का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।